# प्रेस नोट जनपद मुरादाबाद

श्री सतपाल अंतिल, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद के निर्देशन में अपराध व अपराधियों पर अंकुश एवं प्रभावी नियन्त्रण बनाये रखने हेतु आज दिनांक **14-06-2025** को जनपद मुरादाबाद से निम्न कार्यवाही की गयीः-

**1- जान से मारने की नियत से हमला कर गाली-गलौच व मारपीट करने के 01 आरोपी को थाना कांठ पुलिस ने किया गिरफ्तार।**

अवगत करना है कि दिनांक 13-06-2025 को वादी यूनुस खाँ पुत्र श्री मकबूल निवासी ग्राम सलेमपुर थाना कांठ जनपद मुरादाबाद ने अभियुक्तगण द्वारा वादी के पुत्र के साथ जान से मारने की नियत से हमला कर गाली-गलौच व मारपीट करने जिससे वादी के पुत्र के गम्भीर चोट आने के सम्बन्ध में थाना कांठ पर तहरीर दी, तहरीर के आधार पर थाना कांठ पर मु0अ0सं0- 163/2025 धारा-109/115(2)/352/3(5) बीएनएस बनाम मौ0 शारीब उर्फ सालिब आदि के पंजीकृत किया गया। विवेचनात्मक कार्यवाही के क्रम में आज दिनांक 14-06-2025 को थाना कांठ पुलिस द्वारा अभियुक्त मौ0 शारीब उर्फ सालिब पुत्र इकरार निवासी ग्राम सलेमपुर थाना कांठ जनपद मुरादाबाद को गिरफ्तार किया गया। उक्त अभियोग में दिनांक 13.06.2025 को 02 अभियुक्तगण को गिरफ्तार किया गया। अन्य विधिक कार्यवाही




**पंजीकृत अभियोगः-**

मु0अ0सं0- 163/2025 धारा-109/115(2)/352/3(5) बीएनएस

**गिरफ्तार अभियुक्तः-**

1- मौ0 शारीब उर्फ सालिब पुत्र इकरार निवासी ग्राम सलेमपुर थाना कांठ जनपद मुरादाबाद

**गिरफ्तार करने वाली टीमः-**

1-उ0नि0 गौरव कुमार थाना कांठ जनपद मुरादाबाद

2-हे0कां0 प्रमोद कुमार थाना कांठ जनपद मुरादाबाद।

**2- अवैध चाकू के साथ 01 आरोपी गिरफ्तार थाना कटघरः-**

अवगत कराना है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद के निर्देशानुसार अपराध एंव अपराधियो पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने, अवैध शस्त्र निर्माण/तस्करी, अवैध शस्त्र धारको व अपराधो में संलिप्त अपराधियों की गिरफ्तार हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत दिनांक 13.06.2025 की शाम थाना कटघर पुलिस द्वारा अभियुक्त अनिल पुत्र स्व0 रामकुंवर निवासी हरथला थाना सिविल लाईन्स जनपद मुरादाबाद को अवैध 01 चाकू के साथ गिरफ्तार किया गया। इस संबंध में थाना कटघर पर अभियुक्त अनिल उपरोक्त के विरुद्ध मु0अ0सं0- 354/2025 धारा- 4/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत किया गया। अन्य विधिक कार्यवाही प्रचलित है।



**पंजीकृत अभियोगः-**

मु0अ0सं0- 354/2025 धारा- 4/25 आर्म्स एक्ट

**गिरफ्तार अभियुक्तः-**

अनिल पुत्र स्व0 रामकुंवर निवासी हरथला थाना सिविल लाईन्स जनपद मुरादाबाद।

**गिरफ्तार करने वाली टीमः-**

1-उ0नि0 अमित कुमार थाना कटघर जनपद मुरादाबाद
2-हे0कां0 राजीव कुमार थाना कटघर जनपद मुरादाबाद
3-हे0कां0 दिनेश कुमार थाना कटघर जनपद मुरादाबाद
4-हे0कां0 धनपाल थाना कटघर जनपद मुरादाबाद।

**3- जान से मारने की नियत से हमला कर मारपीट करने के आरोपी को थाना नागफनी पुलिस ने किया गिरफ्तार।**

अवगत कराना है कि दिनांक 13-06-2025 को वादी श्री गोपाल शर्मा पुत्र नरेन्द्र नाथ निवासी मो0 किसरोल थाना नागफनी जनपद मुरादाबाद ने आरोपी द्वारा वादी की बहन के साथ मारपीट करने व जान से मारने की नियत से ब्लेड से वार करने के संबंध में थाना नागफनी पर तहरीर दी, तहरीर के आधार पर थाना नागफनी पर मु0अ0सं0- 107/2025 धारा-115(2)/109 बीएनएस बनाम विपिन कुमार सागर के पंजीकृत किया गया । विवेचनात्मक कार्यवाही के क्रम में आज दिनांक 14.06.2025 को थाना नागफनी पुलिस द्वारा अभियुक्त विपिन कुमार सागर पुत्र स्व0 नत्थु सिंह निवासी ग्राम जलालाबाद शेखपुर लाला थाना नजीबाबाद जनपद बिजनौर को गिरफ्तार किया गया। अन्य विधिक कार्यवाही प्रचलित है।




**पंजीकृत अभियोगः-**

मु0अ0सं0- 107/2025 धारा-115(2)/109 बीएनएस

**गिरफ्तार अभियुक्तः-**

विपिन कुमार सागर पुत्र स्व0 नत्थु सिंह निवासी ग्राम जलालाबाद शेखपुर लाला थाना नजीबाबाद जनपद बिजनौर।

**गिरफ्तार करने वाली टीमः-**

1-उ0नि0 विवेक यादव थाना नागफनी जनपद मुरादाबाद
2-उ0नि0 सलीम मलिक थाना नागफनी जनपद मुरादाबाद।

**4- थाना नागफनी पुलिस द्वारा 01 वारण्टीं को गिरफ्तार कर मा0न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।**

अवगत कराना है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद के निर्देशानुसार अपराध एंव अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने व अपराधों में संलिप्त वांछित/वारण्टीं अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत आज दिनांक 14.06.2025 को थाना नागफनी पुलिस द्वारा वारण्टीं अभियुक्त समीर अहमद पुत्र अहमद नबी निवासी काजी टोला थाना नागफनी मुरादाबाद संबंधित वाद स0 10344/19 ,मु0अ0स0 301/19 धारा 457/380/411/323 भादवि0 को गिरफ्तार कर संबंधित मा0न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।




**गिरफ्तार वारण्टीः-**

समीर अहमद पुत्र अहमद नबी निवासी काजी टोला थाना नागफनी मुरादाबाद।

**गिरफ्तार करने वाली टीमः-**

1- उ0नि0 विवेक यादव थाना नागफनी जनपद मुरादाबाद
2- उ0नि0 सलीम मलिक थाना नागफनी जनपद मुरादाबाद
3- कां0 अवनीश सिरोही थाना नागफनी जनपद मुरादाबाद।

**5- थाना सोनकपुर पुलिस द्वारा दहेज हत्या के अभियोग में वांछित 02 आरोपीगण को गिरफ्तार किया गया।**

अवगत कराना है कि दिनांक 12.06.2025 को वादी श्री ताराचन्द्र पुत्र स्व0 तेज सिंह निवासी मौ0 दुलीवाला टांडा बादली थाना कोतवाली टांडा जनपद रामपुर ने आरोपीगण द्वारा वादी की बहन को अतिरिक्त दहेज के लिये प्रताडित कर हत्या कर देने के संबंध में थाना सोनकपुर पर तहरीर दी, तहरीर के आधार पर थाना सोनकपुर पर मु0अ0सं0-48/2025 धारा- 80(2)/85 बीएनएस व 3/4 डीपी एक्ट बनाम जसवीर आदि के पंजीकृत किया गया। विवेचनात्मक कार्यवाही के क्रम में आज दिनांक 14.06.2025 को थाना सोनकपुर पुलिस द्वारा आरोपीगण 1. जसवीर पुत्र रामचन्द्र, 2. जुगेश पुत्र रामचन्द्र निवासीगण ग्राम मुढ़िया जैन थाना सोनकपुर जनपद मुरादाबाद को गिरफ्तार किया गया। अन्य विधिक कार्यवाही प्रचलित है।



**पंजीकृत अभियोगः-**

मु0अ0सं0- 48/2025 धारा- 80(2)/85 बीएनएस व 3/4 डीपी एक्ट

**गिरफ्तार अभियुक्तगणः-**

1. जसवीर पुत्र रामचन्द्र,
2. जुगेश पुत्र रामचन्द्र निवासीगण ग्राम मुढ़िया जैन थाना सोनकपुर जनपद मुरादाबाद

**गिरफ्तार करने वाली टीमः-**

1- उ0नि0 रोबिन शर्मा थाना सोनकपुर जनपद मुरादाबाद
2- उ0नि0 राकेश कुमार यादव थाना सोनकपुर जनपद मुरादाबाद
3- का0 चक्रेश चौधरी थाना सोनकपुर जनपद मुरादाबाद।

**6- थाना कुन्दरकी पुलिस द्वारा हत्या के अभियोग में नामित /वांछित 03 आरोपीगण को गिरफ्तार किया गया।**

अवगत कराना है कि दिनांक 12.06.2025 को वादी अली हसन पुत्र मुन्ना निवासी लाला टिकर थाना मूढ़ापाण्डें जनपद मुरादाबाद ने आरोपीगण द्वारा वादी की पुत्री की हत्या कर देने के संबंध में थाना कुन्दरकी पर तहरीर दी, तहरीर के आधार पर थाना कुन्दरकी पर मु0अ0सं0- 182/2025 धारा- 103(1) बीएनएस बनाम हफीज आदि के पंजीकृत किया गया । तथा उच्चाधिकारीगण व थाना कुन्दरकी पुलिस, फिल्ड यूनिट द्वारा घटनास्थल का निरीक्षण कर साक्ष्य एकत्रित किये गये एंव अन्य आवश्यक कार्यवाही की गयी । मौके पर घटनास्थल से अवैध 01 तमंचा व 01 चाकू बरामद हुआ। अभियोग में नामित/वांछित अभियुक्तगणो की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु थाना कुन्दरकी पर टीम गठित की गयी । विवेचनात्मक कार्यवाही के क्रम में उक्त अभियोग में अभियुक्त शाहिद पुत्र मौ० सैन निवासी मोहल्ला नुरुल्ला कस्बा व थाना कुन्दरकी जनपद मुरादाबाद का नाम प्रकाश में आया। आज दिनांक 14.06.2025 को थाना कुन्दरकी पुलिस द्वारा मुकदमा उपरोक्त में नामित/वांछित अभियुक्तगण 1- खालिद पुत्र मुस्ताकिम 2- फैशल पुत्र नबाब 3- शाहिद पुत्र मौ० सैन निवासीगण मोहल्ला नुरुल्ला कस्बा व थाना कुन्दरकी जनपद मुरादाबाद को गिरफ्तार किया गया। उक्त अभियोग में नामित अभियुक्त हफीज पुत्र मुस्तकिम निवासी उपरोक्त को कल दिनांक 13.06.2025 को गिरफ्तार कर मा0न्यायालय भेजा गया। मौके पर घटनास्थल से बरामदगी व साक्ष्यो के आधार पर मुकदमा उक्त में धारा- 61(2) बीएनएस व 25/27 आर्म्स एक्ट की वृद्धि की गयी । अन्य विधिक कार्यवाही प्रचलित है।




**पंजीकृत अभियोगः-**

मु0अ0सं0- 182/2025 धारा- 103(1)/ 61(2 बीएनएस व 25/27 आर्म्स एक्ट

**गिरफ्तार अभियुक्तः-**

1- खालिद पुत्र मुस्ताकिम निवासी मोहल्ला नुरुल्ला कस्बा व थाना कुन्दरकी जनपद मुरादाबाद

2- फैशल पुत्र नबाब निवासी मोहल्ला नुरुल्ला कस्बा व थाना कुन्दरकी जनपद मुरादाबाद

3- शाहिद पुत्र मौ० सैन निवासी मोहल्ला नुरुल्ला कस्बा व थाना कुन्दरकी जनपद मुरादाबाद।

**बरामदगीः-**घटनास्थल से अवैध 01 तमंचा व 01 चाकू

**विवरण पूछताछः-**अभियुक्त खालिद उपरोक्त ने पुलिस पूछताछ में बताया कि मेरे भाई हफीज की पत्नी से हम घर वाले परेशान थे, इसी बात को लेकर आये दिन घर में लडाई झगडा होता रहता था। हफीज की पत्नी ने पहले भी मुझ पर दुष्कर्म का झूठा मुकदमा लिखाया था। मैने व मेरे भाई हफिज ने अपने मौहल्ले के शाहिद से हफीज की पत्नी को जान से मरवाने की बात की, तो शाहिद ने अपने दोस्त फैशल को भी इस योजना में मिला लिया और हमारी दो लाख रुपये में शाहिद से हफीज की पत्नी को जान से मरवाने की तय़ हो गयी। और योजना बना ली। दिनांक 12.06.2025 की रात्रि समय करीब 04.00 बजे योजना के अनुसार हमने घर की दीवार पर सीढी लगाकर फैशल, घर छत पर भेज दिया जहाँ पर हफीज की पत्नी सो रही थी। और फैशल ने हफीज की पत्नी की तमंचे से गोली मार कर हत्या कर दी, गोली की आवाज सुनकर आस पास के लोग जग गये तो फैशल तमंचा, चाकू वही पर छोड कर सीढी से नीचे उतर आया और भाग गये थे।

**गिरफ्तार करने वाली टीमः-**

1- उ०नि० राजनाथ सिंह थाना कुन्दरकी जनपद मुरादाबाद
2- उ0नि0 गगन शर्मा थाना कुन्दरकी जनपद मुरादाबाद
3- हे0कां0 सुखनन्दन थाना कुन्दरकी जनपद मुरादाबाद
4- कां0 आकाश थाना कुन्दरकी जनपद मुरादाबाद
5- कां0 उज्जवल कुमार थाना कुन्दरकी जनपद मुरादाबाद।

**7-जनपदीय पुलिस द्वारा शांति व्यवस्था भंग करने में 28 व्यक्तियों को हिरासत में लेकर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।**

अवगत कराना है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद के निर्देशानुसार अपराध नियंत्रण, कानून एवं शान्ति व्यवस्था को सुदृढ़ बनाये रखने हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत जनपदीय पुलिस द्वारा **28 व्यक्तियों** को संज्ञेय अपराध कारित करने से रोकने एवं परिशान्ति कायम रखने हेतु अन्तर्गत धारा-170/126/135 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता-2023 में हिरासत में लेकर माननीय न्यायालय भेजा गया।

**थाना कटघर-06, थाना सिविल लाईन्स-01, थाना कांठ-01, थाना छजलैट-01, थाना ठाकुरद्वारा-07, थाना भोजपुर-01, थाना बिलारी-11,**